>

Title: Need to ensure adequate supply of food grains under PDS in Chandrapur and Gadchiroli districts of Maharashtra.

**श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर) :** अध्यक्ष महोदय, महाराष्ट्र राज्य के सीमावर्ती जिले चन्द्रपुर, गड़चिरौली जनजातीय बहुल तथा दुर्गम श्रेणी में शामिल है। उक्त जिलों में पिछले कई महीनों से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत दिया जाने वाला अनाज तयशुदा मात्रा में उपलब्ध नहीं होनेसे यहां के निर्धन लाभानुभोगियों को भारी तकलीफ उठानी पड़ रही है। खाद्यान्न आपूर्ति के लिए केन्द्र सरकार द्वारा जारी नियतन के अनुपात में कम आपूर्ति होने के कारण बी.पी.एल तथा अंत्योदय योजना के लाभानुभोगियों को अनाज नहीं मिलने से उन्हें भुखमरी का सामना करने की नौबत दिखाई दे रही है। इस मामले में राज्य सरकार तथा स्थानीय प्रशासन द्वारा समुचित कार्रवाई के अभाव में स्थानीय राशन दुकानदारों को इन लाभानुभोगियों का रोष अकारण सहना पड़ रहा है। इस मामले में स्थानीय प्रशासन द्वारा भारतीय खाद्य निगम द्वारा नियतन के अनुसार अनाज की आपूर्ति समय पर नहीं करने के कारण लाभानुभोगियों सुनिश्चित मात्रा में अनाज उपलब्ध कराने में असमर्थता का जवाब दिया जा रहा है। आज के स्थिति के अनुसार कभी चावल तो कभी गेहूं की कम आपूर्ति की जा रही है। यहां के स्थानीय परिवेश के अनुसार चावल और गेहूं समान मात्रा में खाद्यान्नों की आपूर्ति करना आवश्यक होते हुये भी वह नहीं होने से लाभानुभोगियों में पोषण तत्वों की भारी कमी होने का भी खतरा दिखाई दिया है।

भारतीय खाद्य निगम द्वारा खाद्यान्न की आपूर्ति सही समय पर तथा उचित मात्रा में करने के लिए रेल द्वारा समुचित रैको की उपलब्धता कराने में नाकामी के कारण इन सीमावर्ती जिलों में अनाज उपलब्ध कराने में कठिनाई होने की बात कही जा रही है। भारतीय खाद्य निगम और रेल विभाग के परस्पर दावों में आम उपभोक्ता सार्वजनिक वितरण प्रणाली के खाद्यान्नों का लाभ उठाने में वंचित रहा है यह सत्य देखते हुए इसका तत्काल निराकरण कर इन जिलों के सभी भागों में खाद्यान्नों की समुचित मात्रा उपलब्ध कराने के लिए सरकार तत्काल संज्ञान लेकर समुचित कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा इन जिलों के निर्धन और बी.पी.एल श्रेणी के लोगों को राहत पहुंचाये।